Chapter- 11

काल

STUDY NOTES

परिभाषा- क्रिया के होने के समय को काल कहते हैं।

काल के भेद

भूतकाल | वर्तमान काल | भविष्यत् काल

- **भूतकाल-** क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में कार्य होने का बोध होता है, उसे भूतकाल कहते हैं।
  जैसे- माँ ने काल खीर बनाई थी।
- **वर्तमान काल-** क्रिया के जिस रूप से कार्य के वर्तमान समय में होने का बोध होता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं।
  जैसे- माँ ने आज खीर बना रही है।
- **भविष्यत् काल-** क्रिया के जिस रूप से बोध होता है कि कार्य आगे आनेवाले समय में किया जाएगा, उसे भविष्यत् काल कहते हैं।
  जैसे- माँ कल खीर बनाएगी।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

आइए, अब लिखें

१. वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के काल लिखिए।

क) बच्चा खिलौनों से खेल रहा है। वर्तमान काल

ख) राणा प्रताप का चेतक बहुत तेज दौड़ा। भूतकाल

ग) चित्रा ने काम समाप्त कर लिया। भूतकाल

घ) चिड़ियाघर में नया हाथी लाया जाएगा। भविष्यत्काल

२. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।

क) बिल्ली दूध पी गई। (वर्तमान काल) बिल्ली दूध पी रही है।

ख) पक्षी चहचहा रहे हैं। (भविष्यत् काल) पक्षी चहचहाएँगे।

ग) मजदूर कल दीवार बनाएँगे। (भूतकाल) मजदूरों ने कल दीवार बनाई।

घ) रोहन टी.वी. देख रहा है। (भूतकाल) रोहन ने टी.वी. देखा।

ङ) आज वन मेहात्सब है। (भविष्यत् काल) कल वन महोत्सव होगा।

३. वर्तमान काल के वाक्यों के सामने (✓) का चिह्न लगाइए।

क) अध्यापिका पढ़ा रही हैं। (✓)

ख) मैं बारिश में बहुत भीगी। (×)

ग) माता जी ने कपड़े खरीदे। (×)

घ) दीप्ति भाषण दे रही है। (✓)

४. उचित काल का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरे कीजिए।

क) हमें सही समय पर गाड़ी मिल गई।

ख) कल विद्यालय में खेल दिवस मनाया जाएगा।

ग) मयंक ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

घ) सड़क पर गाड़ियाँ दौड़ रही हैं।

किया
जाएगा
गई
रही हैं

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow